बरेली, गुरुवार
2 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण
inext

PAGE NO. 05, BOTTOM

श्रीराम मूर्ति क्रिकेट टूर्नामेंट का छठा सीजन कल से

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (1 April): श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के छठवें सीजन का आगाज तीन अप्रैल से होने जा रहा है. एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने बताया कि बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित इस टूर्नामेंट की इनामी राशि इस बार बढ़ाकर दो लाख रुपये (विजेता) और एक लाख रुपये (उपविजेता) कर दी गई है. टूर्नामेंट में दिल्ली, मेरठ, प्रयागराज और बरेली समेत कुल 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं. सभी मुकाबले एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्टेडियम में फ्लड लाइट की रोशनी में खेले जाएंगे. प्रतिदिन दो मैच होंगे, जिनमें शाम का मैच दूधिया रोशनी में होगा. प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 12 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा. टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और गेंदबाजों के लिए भी नकद पुरस्कार रखे गए हैं.